तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

9 रबी में धान की जगह दलहन की ओर बढ़ रहा किसानों...



10 संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा में विवेकानंद स्कूल रहा ...





## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय शालेय खेल स्पर्धा के लिए आरती का चयन

**गुरूर।** दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा के कुश्ती फ्री स्टाईल प्रतियोगिता के लिए कक्षा 11वीं की छात्रा आरती निर्मलकर का राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चयन हुआ है। कुमारी आरती स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर की कक्षा 11वीं कि छात्रा है। दिल्ली जाने से पूर्व 21 से 23 दिसंबर तक रायपुर में लगे कैम्प से प्रशिक्षण लेकर दिल्ली के लिए रवाना होगी। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य बीपी. यादव सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए आरती एवं पीटीआई नीलम साहू को बधाई दी है।

### गारका में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम आज

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम गारका में 22 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया होंगी, अध्यक्षता एलएन बघेल प्रवक्ता जिला सतनामी समाज बालोद करेंगे। समिति के अध्यक्ष चंद्र कुमार देशलहरे ने बताया कि पंथी पार्टी कांपा की आकर्षक प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन चौका पूजा भी की जाएगी। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।



### किसानों ने अब तक बेचा 627 करोड़ 48 लाख का धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 196 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। इसमें अब तक 71 हजार 303 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 86 हजार 251 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 627 करोड़ 48 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 02 लाख 15 हजार 279 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 72 हजार 723 मेट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 13 हजार 528 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5314 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21,077 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### आज भोथली व मुजगहन पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत शुक्रवार 22 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम भोथली में सुबह 10 बजे एवं ग्राम ओरमा में दोपहर 02.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मुजगहन में सुबह 10 बजे एवं ग्राम चेब. नवागांव में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चीचा में 10 बजे एवं ओडारसंकरी में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# तापमान में लगातार आ रही गिरावट, शीतलहर से बचाव के लिए अपनाएं जरूरी उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

इन दिनों प्रदेश के साथ-साथ बालोद जिले में भी तापमान में गिरावट आई है। सुबह की शुरुआत जहां कोहरे के साथ हो रही है, तो वहीं शाम को भी मौसम काफी ठंडा हो जाता है। वहीं रात में ठंड और बढ़ जाती है। मौसम में आ रही ठंडकता और शीतलहर की आशंकाओं को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद द्वारा दिसंबर से जनवरी में मौसम में परिवर्तन के कारण शीतलहर एवं ठंड से बचाव की स्थिति से रोकथाम व बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सीएमएचओ ने ठंड से बचाव के लिए दिए गए परामर्श में कहा है कि शीतलहर के समय घर के अंदर ही रहने की कोशिश करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़ों की उपलब्धता रखकर उपयोग करें। मौसम में परिवर्तन एवं आपातकालीन संबंधी सूचना के लिए समस्त प्रकार के मीडिया, चैनलों, अखबारों का अवलोकन करते रहें। बुजुर्ग व्यक्तियों, बच्चों एवं अकेले जीवन यापन कर रहे पड़ोसियों का विशेष ख्याल रखें। आकस्मिक आपातकालीन सामग्री एवं सुविधाएं अग्रिम रूप से रखा जाना सुनिश्चित करें। शीतलहर के समय किसी एक कक्ष कमरे या हॉल का चयन कर हीटर व अन्य यंत्र के माध्यम से गरम रखने का प्रयास करें। शरीर को गर्म रखने के लिए नियमित रूप से गर्म पेय पदार्थ का सेवन करते रहें।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी किए दिशा-निर्देश

### ये लक्षण हों, तो तत्काल चिकित्सक से मिलें

शरीर को गर्म रखने के लिए शुद्ध व गर्म भोजन का सेवन करें एवं बिना एल्कोहल वाले पेय पदार्थ पिएं। शीतदंश, कान, नाक, उंगलियों का सफेद या पीला दिखाई देना या सुन्न पड़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सुविधा लें। शरीर का ठंडा पड़ जाना, अनियंत्रित कंपकंपी, याददाश्त में कमी, जबान लड़खड़ाना, सुस्ती एवं एकदम थकान महसूस होने पर चिकित्सक से मिलें।



### गरम कपड़ों का करें उपयोग

बिजली नहीं होने की स्थिति में फ्रिज के दरवाजे सही तरीके से बंद रखकर भोज्य पदार्थों को अधिकतम 48 घंटे तक सुरक्षित रखा जा सकता है। समुचित कपड़े पहनें, कोशिश करें कि मोटी परत वाले कपड़ों का इस्तेमाल हो। कैप, कनटोप व मफलर का उपयोग शरीर का तापमान कम होने से बचाते हैं। कैरोसीन हीटर या कोयला भट्ठी, सिगड़ी के धुएं के जहरीली कणों से बचें व अनुकूलित वेन्टीलेशन सुनिश्चित करें।

**मांग : बच्चों के स्वास्थ्य और होने वाली परेशानियों को देखते हुए उठने लगी समय परिवर्तन की मांग**

# घने कोहरे और कंपकंपाती ठंड के बीच स्कूल जाने को मजबूर हैं छोटे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में प्रशासन द्वारा ठंड से बचने के ऊपाय तो सुझाए जा रहे हैं, लेकिन जिले में सुबह संचालित होने वाले स्कूलों को लेकर प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण छोटे बच्चे कड़ाके की ठंड के बीच सुबह स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए बच्चों के विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है।

जिले में कई ऐसी स्कूले हैं, जो दो शिफ्ट में संचालित होती हैं। यहां सुबह छोटे बच्चों को स्कूल बुलाया जाता है, वहीं दोपहर होते-होते बड़े बच्चे स्कूल पहुंचते हैं। लेकिन इन सब के बीच ठंड में सबसे ज्यादा समस्या अगर किसी को होती है तो वे छोटे बच्चे हैं। इसके कारण उनके पालकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

जहां छोटे बच्चों को कड़ाके की ठंड में सुबह उठाने से लेकर उनको स्कूल भेजने के लिए तैयार करने तक कई दिक्कतें परिजनों को होती हैं। वहीं, छोटे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए विशेष ध्यान रखना पड़ता है। फिर घर में तो छोटे बच्चों का सही ध्यान पालक रखते ही हैं, ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके, लेकिन स्कूल जाने के रास्ते व स्कूल पहुंचने के बाद छोटे बच्चे पढ़ाई और खेल में इतने रम जाते हैं कि ठंड से बचने के उपाय पर ध्यान नहीं दे पाते और अपना ख्याल नहीं रखते। इसके कारण ठंड के कारण बच्चों की तबीयत खराब होने की शिकायत अक्सर सामने आती रहती है।

ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि बढ़ती ठंड को देखते हुए सुबह संचालित होने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन कर जिले के छोटे बच्चे जिन्हे ठंड से बचाने के लिए कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े और वे सुबह जब अधिक ठंड रहती है तो छोटे बच्चों के साथ परिजनों को तकलीफ न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

जिले में संचालित शासकीय स्कूलों के साथ अधिकतर निजी विद्यालयों में ऐसा देखने को मिल रहा है कि वे इतनी ठंड के बाद भी सुबह छोटे बच्चों को बुलाते हैं और दोपहर में बड़े बच्चों को। ऐसे में उनके द्वारा सुबह बड़े बच्चों को बुलाकर दोपहर को छोटे बच्चों को बुलाने की प्रक्रिया की जा सकती है, जिसके माध्यम से छोटे बच्चों को ठंड में परेशानियों का सामना भी नहीं करना पड़ेगा और बड़े बच्चे समझदार होते हैं जिससे उनके साथ उनके परिजनों को भी किसी प्रकार की कोई समस्या भी नहीं होगी।



### सुबह स्कूल से छोटे बच्चे और पालक दोनों को समस्या

वहीं, कई छोटे बच्चे किराए की गाड़ियों के माध्यम से आते हैं वहीं कई बच्चों को परिजन स्वयं स्कूल पहुंचाते हैं। इससे बच्चों और परिजन को ठिठुरती ठंड के साथ कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, जिस ठंड के मौसम में सुबह छोटे बच्चों को खेल कर अपना शरीर तंदरूस्त रखना चाहिए, उस समय बच्चों को पढ़ाई करने बैठा दिया जाता है। ठंड में ठिठुरन के कारण बच्चे ठिठुरते रहते हैं। ऐसे में उनका मन पढ़ाई की ओर जाता नहीं। अगर उन्हें सुबह ठंड में खेलकूद और दोपहर में पढ़ाई करवाई जाती, तो उनका शरीर भी स्वस्थ रहता और मन भी प्रफुल्लित रहता और पढ़ाई में भी लगता।

# स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के बंद होने की नौबत



### बीते चार माह से नहीं मिली है कुकिंग कास्ट की राशि, मानदेय भी अप्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ व स्व सहायता समूहों ने लिया निर्णय

1 जनवरी 2024 से मध्यान्ह भोजन संचालन में आ रही परेशानियों को देखते हुए स्कूल की रसोई में ताला लगने की नौबत आ सकती है। संचालनकर्ताओं ने बताया कि उन्हें बीते 4 माह की कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिल पाई है। इसको लेकर संघ ने बैठक लेकर प्रस्ताव पारित कर दिया है। संघ ने बैठक लेकर 1 जनवरी से मध्यान्ह भोजन बंद करने का निर्णय बैठक में लिया है।

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ बालोद एवं छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन संचालनकर्ता संघ बालोद द्वारा गंगा मईया झलमला में बैठक रखी गई। बैठक में स्व सहायता समूह एवं मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विगत 4 माह से कुकिंग कास्ट की राशि एवं रसोईयों का मानदेय नहीं मिलने से हो रही परेशानियों को देखते हुए निर्णय लिया गया। सभी की सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि 31 दिसंबर 2023 तक राशि जारी नहीं मिलती है, तो 1 जनवरी 2024 से जिले के समस्त स्कूलों में कार्यरत रसोईया व स्व सहायता समूह कार्य बंद करने के लिए बाध्य रहेंगे। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में संघ द्वारा अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है।

# खेत में खरही से धान की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

■ किसान ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

कुसुमकसा में अजब-गजब चोरी का मामला सामने आया है। खेतों में मेहनत की फसल काट कर रखे धान भारा की चोरी होने की शिकायत मिली है। कुसुमकसा के तीन-चार किसानों के खेतों में धान खरही से लगभग 300 भारा धान अज्ञात लोग चोरी कर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार कुसुमकसा के किसान पिस्दा ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण मिंजाई नहीं कर पाने के कारण खेत में काट कर रखे धान की फसल को काट कर भारा बांधकर खरही बना कर रख दिया था। खरही को तिरपाल से ढंककर रखा था। वहीं, बारिश होने के कारण किसान खेतों की ओर नहीं गए। मौसम साफ होने पर खेतों में गए, तो खरही ठीक नहीं थी। आसपास सिर्फ पैरा ही पड़ा था, धान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। पीड़ित किसान जगत राम सिन्हा ने राजहरा ⏭ शेष पेज 8 पर

### खेत में रखा था भारा

किसान जगत राम सिन्हा ने बताया कि दस-बारह दिन पहले खेत में धान की कटाई कराई थी। पूर्व में हुई बरसात के कारण फसल गीली थी। धान काटने के दो-तीन बाद काटी गयी फसल में से लगभग 120 भारा को खरही में जमाकर खेत में ही रख दिया था। 20 दिसंबर को लगभग दोपहर तीन बजे खेत गया, तो धान भारा की खरही तहस-नहस हो गई थी। धान गायब था और सिर्फ पैरा ही आसपास पड़ा था। किसान ने बताया कि सरोना धान के भारा से अज्ञात व्यक्ति ने लकड़ी से पीट कर धान को अलग कर ले गया है। उन्होंने बताया कि आसपास के खेतों में खोजबीन की गई, किन्तु कुछ पता नहीं चल पाया। कुछ दिन पूर्व आदिवासी किसान गिरवर सिंह कोमा, धनसिंह कोमा, सीताराम पिस्दा के खेतों से भी लगभग 200 भारा धान खरही से चोरी हो चुका है।



# पाइप लीक होने से व्यर्थ बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्डवासियों के घरों में नल कनेक्शन के लिए बिछाए गए पाइपलाइन लीकेज हो चुकी है। यह तस्वीर बुधवारी बाजार के पास की है, जहां एक वार्डवासी के घर तक जाने वाली पाइपलाइन लीक हो चुकी है। इसके कारण सुबह और शाम नल खुलते ही लीक हुए पाइप से पानी फौव्वारा बनकर सड़क पर गिरता है और वह सड़क और ही व्यर्थ बह जाता है। इस तरह की तस्वीर शहर में कई जगहों पर देखा जा सकती है। शहर में कई जगहों पर वार्डवासियों के घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज होने की समस्या आम बात हो गई है, लेकिन यह समस्या वार्डवासियों के स्वास्थ्य के ⏭ शेष पेज 8 पर



# भाजपाईयों ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ भाजपा नेताओं ने कहा यह उपराष्ट्रपति का नहीं पूरे देश का अपमान

संसद के बाहर प्रदर्शन करते हुए एक टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मीमिक्री की, वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता व सांसद राहुल गांधी द्वारा वीडियो बनाया गया। इस घटना को भाजपा जिला बालोद के नेताओं ने राष्ट्र का अपमान बताया है एवं इस घटनाक्रम को करने व वीडियो बनाने वाले जिम्मेदार संसदों की निंदा करते हुए जिला मुख्यालय बालोद में राहुल गांधी का पुतला लिए पुराने जिला भाजपा कार्यालय से जयस्तंभ चौक व घड़ी चौक पर रैली निकाल कर जयस्तंभ चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

इस घटना पर जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने मीडिया को बताया कि संवैधानिक पद पर विराजमान राष्ट्र के गरिमा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जो किसानों के नेता हैं, जाट नेता, पिछड़ा वर्ग से आते हैं। 140 करोड़ जनता के पराष्ट्रपति हैं। श्री धनखड़ पर विपक्षी दल के सांसदों के समक्ष टीएमसी नेता द्वारा मिमिक्री किया जाना एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा वीडियो बनाए जाना राष्ट्र का अपमान है। देश के जिम्मेदार ⏭ शेष पेज 8 पर



**आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम पंचायत छिंदगाव का मामला**

# ग्राम सभा में नहीं पहुंचा सरपंच, नाराज ग्रामीणों ने पंचायत भवन में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी।

आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम पंचायत छिंदगाव में ग्राम सभा में सरपंच के अनुपस्थित रहने तथा बार-बार बुलाने पर भी नहीं आने से नाराज ग्रामीणों ने ग्रामसभा को रोककर पंचायत भवन में ताला लगा दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछल ग्रामसभा में सरपंच से ग्राम में हुए विकास कार्य के नाम पर आहरित राशियों का लेखा जोखा मांगा गया था। इस संबंध में 21 दिसंबर 2023 को सरपंच द्वारा पूरा ब्यौरा दिया जाना था, लेकिन सुबह 11 बजे से सभी ग्रामवासी सहित सरकारी कर्मचारी सचिव, वन विभाग के अधिकारी कृषि विभाग के अधिकारी सभी सरपंच के आने का इन्तजार करते रहे, लेकिन सरपंच नहीं आया। बार-बार फ़ोन लगाने के बाद भी सरपंच ने फ़ोन नहीं उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि इससे लगता है कि सरपंच के पास कोई लेखा जोखा नहीं है और उसने आहरित राशि को गबन कर लिया है। इन्ही आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पंचायत भवन के मुख्य द्वार पर ताला बंद कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सरपंच द्वारा आहरित राशि का पूरा ब्यौरा नहीं दिया जाता, तब तक पंचायत में सभी कार्य बंद रहेंगे। ग्रामीण भाजपा नेता पवन साहू, मनोहर साहू ने बताया कि सरपंच द्वारा पंचायत विकास की राशि की लगभग 8 लाख की है, जिसे बिना कार्य कराए फर्जी तरीके से अपने चहेते सप्लायर के नाम से आहरण कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पूरे कार्य का हिसाब नहीं होगा, हम आंदोलन करेंगे। शासन के पैसे का गबन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में सरपंच से उनका पक्ष जानने के लिए उनसे बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।




### अर्जुंदा में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 24 व 25 को

**बालोद/अर्जुन्दा।** नगर अर्जुन्दा में घासीदास चौक वार्ड 6 में गुरू घासीदास जयंती पर समिति द्वारा दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 24 एवं 25 दिसंबर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता समिति के संरक्षक पुनारद गेण्ड्रे ने बताया कि पंथी प्रतियोगिता में विशेष पुरस्कार के तहत पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 4001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। वहीं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये रखे गए हैं। इसी प्रकार आकर्षक पुरस्कार वर्ग में बेस्ट गायक 501 रूपये, बेस्ट वादक 301 रूपये, बेस्ट झांकी ⏭ शेष पेज 8 पर

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ मंच ने मनाया कन्या जन्मोत्सव

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच संतोषी नगर के पदाधिकारियों ने बुधवार को कन्या जन्मोत्सव मनाया। मंच के सदस्यों ने बताया कि संतोषी बाघ और महेंद्र बाघ के यहां पुत्री के जन्म के अवसर को कन्या जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। नवकन्या के पैर धोकर, चंदन का लेप करके, देवी का स्वरूप मानकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, ऋषि कुम्हार, अन्नपूर्णा कुम्हार, लता छुरा, राधा महानंद, अनुपमा दीप, शांति जगत, लक्ष्मी महानंद, निरंजन बाघ, रूदना बाघ, किसन छुरा, सुशील बाघ, जगन्नाथ महानंद उपस्थित रहे।

### 2 हजार से अधिक दवा प्रतिनिधियों ने की हड़ताल



**रायपुर।** फेडरेशन आफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आव्हान पर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के दवा प्रतिनिधियों ने एक दिवसीय हड़ताल की। इसमें रायपुर में दो हजार से अधिक मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव काम बंद रखकर हड़ताल पर रहे। हड़ताल पुलिस लाइन नेहरू नगर स्थित दफ्तर के सामने शुरू हुई। रायपुर यूनिट के सचिव मनीष होनप ने बताया कि 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रिप्रेजेंटेटिव हड़ताल पर रहे। छत्तीसगढ़ में एफएमआरएआई के आव्हान पर सीजी एसएमईयू राज्य संगठन के बैनर तले रायपुर इकाई के 2 हजार से अधिक दवा प्रतिनिधि पूर्णरूप से हड़ताल पर रहे।

### सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**रायपुर।** संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर दिया है। नई दिल्ली में इंडिया अलायंस की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार सांसदों के निलंबन और हमारे लोकतांत्रिक आधार पर गंभीर हमले का पुरजोर विरोध करते हुए 22 दिसंबर शुक्रवार को देशभर में एक दिवसीय विशाल विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश मुख्यालय सहित प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में उक्त मुद्दे को लेकर 22 दिसम्बर को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक से दी गई मानव अधिकारों की जानकारी

**रायपुर।** मानव अधिकार दिवस सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार के विषय पर आधारित संगोष्ठी में मानव अधिकार पर अधिकारों की जानकारी वक्ताओं ने दी। मुख्य वक्ता डॉ. संजीव कर्मकार, डॉ. कमल वर्मा, नीता शर्मा, अधिवक्ता विनोद प्रधान थे। कार्यक्रम भारतीय मानव अधिकार जनकल्याण एसोसिएशन, शुभम शिक्षण व कला संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान ने नुक्कड नाटक के माध्यम से मानव अधिकारों की जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष महुआ मजुमदार ने कार्यक्रम में आए अतिथि एवं सदस्य को आभार प्रदर्शन किए। कार्यक्रम में मानव विकास की विभिन्न योजनाएं पर कार्य करने की शपथ भी ली गई।

### कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर को नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बयानबाजी पर पीसीसी ने प्रदेश कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस कमेटी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर अपना दुख और गुस्सा जाहिर किया था।

# आंखों के इंतजार में छह सौ पंजीकृत, नए मरीजों की पहचान के लिए दुर्ग जिले में होगा सर्वे

## जिला अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा सर्जरी करने के लिए सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

दुनिया देखने के लिए राज्य में करीब छह सौ मरीजों को दान में आंखें मिलने का इंतजार है। ऑपरेशन योग्य नए मरीजों को खोजने के लिए एम्स दिल्ली की टीम नए साल में छत्तीसगढ़ आएगी। केंद्र सरकार की कार्निया ब्लाइंडनेस के खिलाफ अभियान के तहत दुर्ग जिले में सर्वे कर सूची तैयार की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक राज्य में हर साल दो से ढाई सौ लोग नेत्रदान करते हैं। इनमें से पचास प्रतिशत आंखें ही लोगों के जीवन से अंधियारा दूर करने के काम में आती हैं। आने वाले दिनों में प्रत्यारोपण के जरूरतमंदों की सूची और लंबी होने के आसार हैं। भारत सरकार कार्निया ब्लाइंडनेस के शिकार मरीजों की पहचान के लिए अभियान चलाने की तैयारी में है। इसके तहत तमाम राज्यों के एक-एक जिलों का चयन कर वहां विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से क्लस्टर सर्वे करवाकर कार्निया प्रभावित मरीजों की पहचान का प्रयास किया जाएगा।

अंधत्व निवारण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डा. सुभाष मिश्रा ने बताया बताया कि इसके लिए छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले का चयन किया गया है। संभवतः जनवरी में दिल्ली एम्स की टीम यहां आएगी और क्षेत्र विशेष का चयन कर वहां प्रभावितों की पहचान के लिए सर्वे करेगी। इसके लिए करीब दस टीम बनाए जाएगी, जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर अपना काम करेगी। उक्त टीम सर्वे आधार पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य से सरकार के साथ साझा करेगी, जिसके आधार पर अंधत्व निवारण अभियान को और तेजी के साथ पूरा किया जाएगा।

**खास बातें**

- प्रत्यारोपण योग्य मरीजों की सूची होगी तैयार, दिल्ली एम्स की टीम आएगी
- टीम सर्वे आधार पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य से सरकार के साथ करेगी साझा



**मोतियाबिंद पायलट प्रोजेक्ट**

राज्य में मोतियाबिंद अंधत्व निवारण के लिए पायलट प्रोजेक्ट का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत राज्य के तमाम शासकीय, निजी अस्पतालों और एनजीओ की मदद ली जा रही है। जिला अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा सर्जरी करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य में हर साल इसके लिए एक लाख से ज्यादा ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

# ब्लाक स्तर पर मनाया जायेगा सुशासन दिवस

## इसी दिन किसानों को 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसान हितैषी लिए गए निर्णय के पश्चात बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के किसानों को 25 दिसंबर को विकासखण्ड स्तर पर सुशासन दिवस मनाकर किसानों 2 वर्ष के बकाया बोनस राशि का भुगतान किया जायेगा। इसकी प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का चिन्हांकन, हितग्राहियों को सूचना सहित अन्य गतिविधियों का समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके तहत वर्ष 2014–15 के 87 हजार 115 एवं 2015–16 के 90 हजार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि 2014–15 के लिए 137 करोड़ रूपये एवं 2016–17 के लिए 142 करोड़ रूपये का भुगतान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत, जिला सहकारी बैंक, सहकारी समितियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा।

इस दौरान ग्राम पंचायतों में स्थित अटल चौक में मल्यापर्ण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ ही स्वच्छता अभियान का भी प्रारंभ करेंगे। इसके साथ ही नगरीय निकायों में सुबह विशेष स्वच्छता अभियान एवं अटल संध्या, काव्य पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का सहित विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। लंबित बोनस राशि के संबंध में खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2014–15 में धान बेचने वाले कुल 87 हजार 115 किसानों से 4583587.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसका बोनस राशि 137 करोड़ 50 लाख है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015–16 में धान बेचने वाले कुल 90 हजार 262 किसानों से 4737371.50 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसका बोनस राशि 142 करोड़ 12 लाख रूपये भुगतान किसानों के खाते में सीधे समायोजन किया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण किया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम सेल में साहू परिवार द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ।

साहू परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के महिलाएं सुसज्जित होकर बहुतायत संख्या में मंगल कलश धारण कर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। आचार्य श्री को रथ पर बैठाकर, डीजे के साथ उत्साह पूर्वक ग्राम भ्रमण करते हुए, तालाब से जलपूजन कर भागवत पंडाल में प्रवेश किया गया। तत्पश्चात पीठपूजन के बाद व्यासपीठ से आचार्य पं. अनिल शुक्ला बसहा वाले द्वारा भागवत महात्म्य की कथा का व्याख्यान किया गया।

आचार्य ने बताया कि भागवत पुराण की दो दिव्य महिमा है, पहली महिमा भागवत कथा जीवों को जीते जी तारती है तथा दूसरी महिमा यह कथा जीवों को मरने के बाद भी तारने वाली कथा है। इस संदर्भ में उनके द्वारा पद्म पुराण में वर्णित प्रमाणित कथा प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

जब भक्ति महारानी अपने पुत्र ज्ञान व वैराग्य के कारण दुखी हुई तो नारद जी उनके दुख की निवृत्ति के लिए भागवत पुराण की कथा सुनकर भक्ति महारानी को सुख प्रदान किए। वहीं दूसरी महिमा के संदर्भ में धुंधकारी के कुकर्म के कारण प्रेत योनि की प्राप्ति होने पर उनके भाई गोकर्ण द्वारा भागवत कथा सुनाकर उन्हें प्रेत योनि से मुक्ति प्रदान किए। यही भागवत पुराण की दिव्य महीमा है जो जीवों को दोनों परिस्थितियों में तारती है।

ग्राम सेल के प्रतिष्ठित साहू परिवार लोचन प्रसाद साहू एवं यशवंत साहू द्वारा अपने पिता स्व. मोहन लाल साहू के पुण्य स्मृति में आयोजित ज्ञान यज्ञ में कथा श्रवण के लिए भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आग्रह किया गया है।

# नि:सक्त हिमालय को मिली ट्राइसाइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के वार्ड नंबर 4 इंदिरा कॉलोनी में निवासरत जायसवाल परिवार के दिव्यांग पुत्र को विधायक के हाथों ट्राइसाइकिल मिली। उल्लेखनीय है कि परिवार वाले विगत 12 सालों से ट्राइसाइकिल के लिए मांग कर रहे थे, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के कारण ट्राइसाइकिल नहीं मिल पा रहा थी। इधर 12 साल के लंबे संघर्ष करने के बाद ज़ब पता चला तो नगर के जन सेवक प्रशांत जायसवाल के नेतृत्व में कसडोल विधायक संदीप साहू ने गंभीरता लेते हुए तत्काल उस परिवार को एक ट्राई साइकिल मुहैया कराया और स्वयं अपने कांग्रेस संगठन के सभी साथी के साथ जाकर उनके घर में ट्राई साइकिल प्रदान की। इधर ट्राइसाइकिल मिलने से परिवार में खुशी की लहर है और परिवार ने विधायक संदीप साहू को आशीर्वाद और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विधायक ने दिव्यांग हिमालय जायसवाल के लिए उनके हर सहयोग करने के आश्वासन दिया है। इस दौरान विधायक संदीप साहू के साथ जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, युवा नेता प्रशांत जायसवाल, विमल देवांगन, चंदन साहू, योगेश बंजारे, निरेन्द क्षत्रीय, गायत्री केवट, रोहित साहू, बसंत श्रीवास, रामकिशन साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अवैध रेत-मुरुम का कारोबार जारी, 14 हाईवा पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



फाइल फोटो

सेंट्रल एनजीटी के रोक लगाने के बावजूद प्रदेश में खनिज खदानों में अवैध रूप से उत्खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। खनिज विभाग लगातार इस अवैध कारोबार में संलिप्त गाड़ियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई तो कर रहा है, लेकिन इस कारोबार को रोक पाने में अब तक नाकाम रहा है। इधर खनिज माफिया के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि रोक के बावजूद खदानों में लगातार अवैध उत्खनन कराने के साथ परिवहन करा रहे हैं। रायपुर जिले में बुधवार को रेत और मुरुम से भरी 14 गाड़ियों को फिर पकड़ा गया है। सभी गाड़ियों के मालिक पर कार्रवाई कर उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई है। इस कार्रवाई के तीन दिन पहले भी विभाग ने रेत, गिट्टी व मुरुम से भरी 10 गाड़ियों को पकड़ा था।

रायपुर जिले में भी खनिजों का अवैध कारोबार बेखौफ जारी है। पिछले 6 महीनों में जिले में रेत, गिट्टी व मुरुम के अवैध परिवहन के सैकड़ों प्रकरण सामने आ चुके हैं, जिस पर खनिज विभाग ने कार्रवाई भी की है। इसके बावजूद जिले में खनिज सामग्री का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने अवैध कारोबार पर नकल कसने के लिए अब विभागीय अधिकारियों को सुबह के साथ रात में भी टीम को गश्त करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद जिले के खरोरा, उपरवारा, तिल्दा, अभनपुर, मंदिरहसौद क्षेत्र में विभागीय टीम ने 19 दिसंबर को रात में गश्त करते हुए 14 गाड़ियों को पकड़ा है। इनमें से 10 गाड़ियों में रेत तथा 4 गाड़ियों में मुरुम भरा हुआ था। सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध चालान कर उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई है।

**दिसंबर में साढ़े आठ लाख का जुर्माना वसूला**

रायपुर जिले में दिसंबर में विभाग ने कुल 37 गाड़ियों को पकड़ा है। इनमें रेत से भरी 18, गिट्टी की 10 एवं मुरुम से भरी 9 गाड़ियों को पकड़ा गया है। इन प्रकरणों में गाड़ियों के मालिक पर कार्रवाई करते हुए कुल 8 लाख 56 हजार 560 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई है।

### सौ साल पुराने श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का पुनः प्रकाशन

**रायपुर।** पं. सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर बुधवार को इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का पुनः प्रकाशन किया। इस अवसर पर डॉ. मिश्र ने बताया कि पं सुंदरलाल शर्मा ने सन 1921-22 में रायपुर जेल से हस्तलिखित श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का संपादन और प्रकाशन किया था। इसके छह अंक निकले थे और यह भारत की प्रथम जेल पत्रिका है। अब सौ साल के बाद वैभव प्रकाशन ने इसका पुनः प्रकाशन किया और संपादन डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने किया है। जेल पत्रिका के माध्यम से पं. शर्मा ने सामाजिक जागृति लाने का कार्य किया था। पत्रिका के माध्यम से अंग्रेजों के अत्याचार, शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद की गई थी। इसमें सेनानी भगवती प्रसाद मिश्र से संवाद और एक कविता भी है। सौ साल पहले रायपुर जेल कैसा था इसकी जानकारी भी पत्रिका से मिलती है। छत्तीसगढ़ साहित्य के महासचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने इस ऐतिहासिक और दुर्लभ अंक के पुनः प्रकाशन के लिए डॉ. मिश्र को शुभकामनाएं दी है।

## पेज 7 के शेष...

### खेत में खरही...

थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को खेत में रखे धान भारा से धान चोरी होने की जानकारी दी। उन्होंने लिखित सूचना देकर धान चोरी की जांच कर अज्ञात चोरों को पकड़कर उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया थाना। प्रभारी मुकेश सिंह के निर्देश पर राजहरा थाना से स्टाफ पीड़ति किसान के खेत कुसुमकसा पहुंचकर धान चोरी के संबंध में जानकारी लेकर तहकीकात शुरू कर दी है। **जुआ-सट्टा और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग-** ग्रामीणों में चर्चा का विषय की ग्राम में चल रहे अवैध सट्टा, शराब व नशीली गोलियों के कारोबार के चलते युवा वर्ग नशा व सट्टा के अवैध कारोबार में धँसते जा रहे हैं, जिसके कारण ही ऐसी चोरियां हो रही हैं। ग्रामीणों कहना है कि जिस तरह से सरकार बदलते ही अवैध चखना दुकानों को ध्वस्त किया गया, उसी तरह अवैध सट्टा व नशीली चीजों के कारोबार पर अंकुश लगाना चाहिए।

### पाइप लीक

लिए घातक साबित हो सकता है, क्योंकि पाइपलाइन लीकेज होने के कारण पानी के साथ ही धूल मिट्टी सहित अन्य गंदगी पानी के साथ लोगों के घरों में पहुंचता है ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। पालिका प्रशासन द्वारा जलावर्धन योजना के तहत नगरवासियों के घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने नया पाइपलाइन का विस्तार किया गया लेकिन पुराने बिछे पाइपलाइन को सुधारने कोई रुचि नहीं दिखाई, जगह जगह पाइपलाइन लीकेज हुआ है जिसे मरम्मत करने पालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, नतीजा यह है कि पीने का पानी घरों में पहुंचने के साथ ही सड़क पर भी व्यर्थ बह रहा है। जिसे सुधारने की जरूरत है।

### भाजपाईयों ने किया...

सांसदों द्वारा संवैधानिक पद पर विराजमान व्यक्ति पर उपहास करना अशोभनीय है, जिम्मेदार सांसदों द्वारा किया गया यह कृत्य राष्ट्र कभी माफ नहीं करेगा, भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती है। पुतला दहन में जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, जिला मंत्री शरद ठाकुर, राजीव शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष तोमन साहू, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, रुपेश सिन्हा सहित वरिष्ठ नेताओं में सुरेंद्र देशमुख, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आदित्य पिपरे, जिला पंचायत सदस्य कृर्तिका साहू, जितेंद्र साहू, लोकेश श्रीवास्तव, जगदीश देशमुख, पार्षद सरोजिनी साहू, मनोहर सिन्हा, गणेश राम साव, सुनीता मनहर, प्रतिमा यादव, कुंजीलता साहू, सुदामा बाई, कौशल्या साहू, मनीषा सोनी, दिपक यादव, संजय साहू, संदीप साहू, संदीप सिन्हा, कमल पनपालिया, युसूफ खान, चंद्रिका प्रसाद दुबे, प्रीतम यादव, दिनेश साहू, रोमन सोनकर, डोमेन्द्र साहू, गौतम साहू, लीलाराम सोनकर, तुषार मीनपाल, कमल बजाज, राहुल साहू, तुषार ढीमर, दिनेश साहू, डोमन साहू, धर्मेन्द्र साहू, शंकर सोनी, छगनलाल बुंदेला, अनिल साहू, सूरजभान निषाद, वीरेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, कुंजीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अर्जुंदा में पंथी नृत्य...

1101 रूपये, बेस्ट मीनार 301 रूपये, वेशभूषा 301 रूपये, नृत्य 301 रूपये, झांझ 301 रूपये, गोला 301 रूपये, वादक 300 रूपये, नृत्य 301 रूपये तथा बेस्ट दर्शक 500 रूपये, प्रथम मंचस्थ मंडली 301 रूपये रखा गया है। दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता 24 दिसंबर को शाम 5 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। श्री गेंड्रे ने बताया कि प्रतियोगिता दिवस को सुबह 10 बजे भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# साय कल जाएंगे दिल्ली, भाजपा की बैठक में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंत्रिमंडल विस्तार पर भी होगी हाईकमान से चर्चा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 22 दिसम्बर को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में 22 और 23 दिसम्बर को होने वाली भाजपा की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में लो क स भा चु ना व, विकसित भारत संकल्प अभियान सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। मंत्रिमंडल गठन को लेकर भी आलाकमान से चर्चा की संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दो उप मुख्यमंत्री ने 13 दिसंबर को शपथ ली थी। शपथ ग्रहण के बाद अन्य मंत्रियों के शपथ को लेकर लगातार कयास लगाए जा रहे हैं। विधानसभा सत्र के कारण 21 दिसंबर तक इन कयासों पर रोक लगी थी। अब सत्र के बाद भाजपा की दिल्ली में होने वाली बड़ी बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। वहां पर दो दिन रहकर वे भाजपा के बड़े नेताओं से मिलकर राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियों और अन्य मामलों पर चर्चा करेंगे। साथ ही पार्टी के आला नेताओं से राज्य मंत्रिमंडल के चेहरे को लेकर चर्चा कर मंत्रिमंडल गठन को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम देंगे।

**दिल्ली से लौटने के बाद मंत्रियों की शपथ**

भाजपा सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय के दिल्ली से लौटने के बाद राज्य सरकार में 10 मंत्रियों को शपथ दिलाने का अंतिम निर्णय होगा। बताया जाता है कि शपथ ग्रहण समारोह का स्थल लगभग तय कर लिया गया है। अब हाईकमान की सहमति के बाद वहां से लौटकर मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे।

# जीवन में कर्म की अनदेखी करना हमारी सबसे बड़ी भूल : पंडित देवेन्द्र

## ग्राम औरी में शिवमहापुराण कथा सुनने रोज उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

औरी में आयोजित शिव महापुराण कथा में गुरुवार को कथाकार देवेंद्र पाठक ने कार्तिकेय एवं गणेश जन्म पर व्याख्यान करते हुए ज्ञान और पुरुषार्थ पर प्रकाश डाला। पंडित जी ने कहा कि ज्ञान युक्त पुरुषार्थ अचंभित करने वाली सफलता से ओतप्रोत कर देती है। केवल पुरुषार्थ वह ऊंचाई नही दे पाती जिसकी कामना आप करते है। रिद्धि सिद्धि बुद्धि के दाता गणेश का पुरुषार्थ देखे, अपने माता-पिता की परिक्रमा कर कार्तिकेय से जीत गए। इसलिए सर्वत्र प्रथम देव के रूप में पूज्यनीय है। अतीत की यह घटनाएं इतिहास में हमारे, आपके सामने बार-बार सुनाई जाती है कि जड़ता से भरे मन को कुछ समझ में आ जाए चेतना जग जाए।



### पुरुषार्थ जीवन में निकम्मापन से दूर रखती है

पंडित जी ने कहा कि पुरुषार्थ के अभाव में निक्कमापन घेरने लगता है और हर कोई जानता है निकम्मा व्यक्ति की पूछ परख घर, परिवार, समाज में नही हुआ करती। इसलिए हमेशा आदमी को पुरुषार्थ के साथ जीवन सफर तय करना चाहिए। गणेश्वरो विधिर्विष्णुरू शिवो जीवो गुरुस्तथा। षडेते हंसतामेत्य मूलाधारादिषु स्थिताः।। आध्यात्मिक भाव से ये चराचर जगत की आत्मा हैं, सभी के स्वामी हैं, सभी के हृदय की बात समझ लेने वाले सर्वज्ञ हैं। इन्द्रियों के स्वामी होने से भी इन्हें गणेश कहा गया है। कार्तिकेय पुरुषार्थ का प्रतीक है बिना पुरुषार्थ के जीव फल से दूर हो जाता है, कर्म प्रधान विश्व करी राखा। धर्म अर्थ काम मोक्ष यही जीव का चारों पुरुषार्थ पूर्ण होने पर ही कैलाश अर्थात हिमालय अर्थात जीवन में मुक्ति भक्ति और शांति की प्राप्ति करता है।

**कर्म प्रधान है इसे नकारने का दुःसाहस न करें-** पंडित देवेंद्र पाठक ने कहा कि कर्म प्रधान है, इसे नकारने से दुष्परिणाम ही सामने आता है। दुखों का उदगम भी यहीं से होने लगता है। नासमझ आदमी गंदा कर्म करके अच्छा फल चाहता है। यह मूर्खता है गंदा कर्म करके अपने आपको सज्जन झलकाने वाला बहुत बड़ी गलतफहमी का शिकार हो जाता है। जब कर्म का फल सामने उदित होता है तो वह मारामारा अपना दर्द बयां करते फिरता है, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं होता। बस पीठ पीछे एक ही बात चल पड़ती है जैसी करनी वैसी भरनी।

## खबर संक्षेप



### भगवान आदिनाथ की निर्वाण स्थली पालीताना तीर्थ के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**जामगांव आर।** नवागांव वाले सेठ पन्नालाल गोलछा 210 लोगों को बुधवार से 9 दिवसीय तीर्थ यात्रा पर प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की निर्वाण स्थली पालीताना तीर्थ यात्रा ले गए। तीर्थ यात्रा का श्री गणेश दुर्ग रेलवे स्टेशन पर 5 पंडितों द्वारा शंखनाद कर किया गया। गुरुवार रात्रि केसरिया जी तीर्थ की पावन धरा में 210 यात्रियों ने रात्रि विश्राम के साथ धन्य किया। संघपति पन्नालाल, ज्ञानचंद, प्रकाशचंद, सिद्धकरण, राकेश गोलछा का जैन श्री संघ के सद्यो ने स्वागत किया। तीर्थ यात्र में सुरपा बालोद दुर्ग रायपुर कटंगी दल्ली राजहरा राजनांदगांव डोंगरगढ़ रायपुर भाठापारा बीजा साजा आदि स्थानों के धर्म शामिल है। तीर्थ यात्रियों ने यात्रा की शानदार व्यवस्था के लिए गोलछा परिवार की सराहना करते हुए यादगार धर्म यात्रा की अनुमोदना की है।

### ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का किया गया प्रदर्शन



**बालोद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गिधवा एवं महाराजपुर के अलावा ग्राम पिनकापार एवं नाहंदा में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किसान के खेत में किया गया। इस नई ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। इस दौरान डेमोंस्ट्रेशन कृषि कार्य के लिए ड्रोन का सफल डेमोंस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## किसानी : कृषि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की अपेक्षा ज्यादा रकबे में ली जा रही फसल

# रबी में धान की जगह दलहन की ओर बढ़ रहा किसानों का रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीते सालों में धान की फसल लेने वाले किसानों ने जिला प्रशासन के प्रयास के बाद धान की खेती को छोड़ कर तिलहन एवं दलहन फसल की ओर रूख किया है। आधे से अधिक दलहन तिलहन की फसलों में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक किसानों ने लक्ष्य से अधिक रकबों में दलहन तिलहन की फसल ले रहे हैं।

जिले में खरीफ फसल की कटाई के बाद रबी फसल की तैयारी जोरों पर है, जिसके कारण किसानों द्वारा दलहन तिलहन के साथ धान की तैयारी की जा रही है। इनमें दलहन के तहत चना, मटर, मूंग, उड़द, कुल्थी की खेती के साथ तिलहन के लिए सरसों, अलसी, कुसुम, सूरजमुखी की खेती व ग्रीष्मकालीन फसल के तहत गेहूं, मक्का, रागी और धान की खेती की तैयारी की तैयारी जोरों पर है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गेहूं की फसल के लिए 3 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अनुरूप अब तक 1422 हेक्टयर में गेहूं की खेती की जा रही है। मक्का के लिए 200 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत 128 हेक्टेयर में खेती की जा रही है, रागी व धान की खेती नहीं की जा रही है।

दलहन फसल के तहत चना फसल के लिए 9500 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है जिसके अनुरूप 9526 हेक्टेयर में चने की खेती की जा रही है। मटर के लिए 2100 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है जिसके अनुरूप 1848 हेक्टयर में खेती की जा रही है। मसूर 300 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 432 में खेती की जा रही है। मूंग 100 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया था जिसके अनुरूप 183 हेक्टयर में खेती की जा रही है। उड़द 400 हेक्टेयर में लक्ष्य रखा गया है जिसमे 748 हेक्टेयर में खेती की जा रही है, तिवड़ा 22200 हेक्टेयर लक्ष्य रखा गया है जिसमें 26127 हेक्टेयर में खेती की जा रही है। कुल्थी में 00 लक्ष्य था लेकिन 36 हेक्टेयर में खेती की जा रही है।

### तिलहन में अपेक्षाकृत कम ध्यान

तिलहन फसल के तहत सरसों का लक्ष्य 3000 हजार हेक्टेयर है जिसके तहत 2015 हेक्टेयर में खेती की जा रही है, अलसी 400 हेक्टेयर का लक्ष्य है जिसमे 189 हेक्टेयर में खेती की जा रही है। कुसुम में 50 हेक्टेयर का लक्ष्य है जिसमें 3 हेक्टेयर में खेती हो रही है। सूर्यमुखी की फसल नहीं लगाई गई है। वहीं, तिल के लिए प्रशासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है, फिर भी 33 हेक्टेयर में किसानों द्वारा खेती की जा रही है।



### 6 हजार से ज्यादा किसानों ने कराया फसल बीमा

इन फसलों को नुकसान होने के बाद किसानों को हानि न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा फसल बीमा कराया जा रहा है जिसमे अब तक 769 ऋणी किसान व 5397 अऋणी किसानों ने 1910 हेक्टेयर का बीमा करवा लिया है। इसकी प्रीमियम राशि 144 लाख 63 हजार जमा की जा चुकी है। कृषि विभाग द्वारा फसलों को संरक्षित रखने के लिए फसल बीमा की अंतिम तारिख 31 दिसंबर बताई गई है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगरवासियों में छलक रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में होने जा रहे भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर बालोद जिला के अंतर्गत खंड डौंडीलोहारा के 16 मंडलों में घर-घर संपर्क अभियान की टोली बनाई जा रही है। इसके लिए खंड की टोली गांव गांव में जाकर बैठक ले रही है। खंड के संयोजक राघवेंद्र नाथ मिश्रा व खंड के संघ चालक महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में भव्य दिव्य रूपरेखा बनाकर ग्रामीणों में उत्साहवर्धन का संचार किया है। ग्रामीण क्षेत्र का नेतृत्व बालोद जिला संपर्क प्रमुख मिश्रा जी और नगर नेतृत्व संघचालक महेंद्र जायसवाल कर रहे हैं। नगर में कार्य विभाजन की दृष्टि कोण से नगर की टीम का गठन किया गया । इसके तहत रामनगर, राजापारा, टिकरापारा ,संजय नगर और मुख्य शहर को ध्यान में रखते हुए पांच टोली का निर्माण किया गया है जिसमें चार टोली माता बहनों का और एक टोली भैया लोगों का बनाया गया है।टोली को मार्गदर्शन देने के लिए नगर टीम का गठन किया गया है जिसमें संयोजक देवव्रत देवांगन सहसंयोजक हर्षवीर कासार व पलाश गुप्ता संरक्षक महेंद्र जायसवाल के साथ उनकी टीम में पावन देवांगन, शिव सिन्हा, दिनेश जैन, राजाराम निषाद, प्रेम भंसाली, नरेंद्र यादव, भारत लाल साहसी, अशोक राव, अनुराग जायसवाल, धनेश्वर यादव, दर्शन संचेती, धीरज जैन, प्रशांत, दिनेश पांडे, रवि जैन, भोलाराम साहू, ओम दुबे प्रमुख रूप से शामिल हैं। अयोध्या से आए अक्षत कलश का पूजन कर गांव-गांव में अक्षत कलश भेजने का और नगर में कलश यात्रा का आयोजन 24 दिसंबर दिन रविवार दोपहर 12:00 बजे नगर के काली मंदिर से निकलकर राम मंदिर तक आयोजित किया जाएगा।



■ रविवार को माता काली मंदिर से निकाली जाएगी शोभायात्रा

## आत्मानंद स्कूल बेल्हारी में गुड टच बेड टच पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय बेल्हारी में गुड टच बेड टच पर कार्यशाला प्राचार्य वाईके साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों को गुड टच बेड टच पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता नीता वर्मा, चंद्राकला साहू, खुशबू मिश्रा, दीपिका, शिबू माला, अंजुम कौसर, पूनम सिंह, मुखेश्वरी ध्रुव, के हेमावती उपस्थित रहीं।





# कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा के बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम-प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण शैक्षणिक एवं बी.ए. तृतीय वर्ष भूगोल के छात्र-छात्राओं को भौगोलिक शैक्षणिक भ्रमण मॉडम सिल्ली, गंगरेल बांध का भ्रमण कराया गया। इसके साथ-साथ माता अंगार मोती का दर्शन छात्र-छात्राओं को कराया गया। मॉडम सिल्ली भारत का प्रथम साइफन बांध है। इसके बारे में छात्र-छात्राओं को विभागीय प्राध्यापकों द्वारा जानकारी दिया गया। जिससे वह अपनी पर्यावरण प्रोजेक्ट एवं भूगोल प्रायोगिक की तैयारी कर सके। इस शैक्षणिक भ्रमण दल में संस्था प्रमुख राजू लाल कोसरे प्राचार्य, प्रभारी नंदकिशोर सिन्हा अतिथि व्याख्याता, टुशिका नायक सहायक प्राध्यापक, डॉ. ईश्वर लाल खरे सहायक प्राध्यापक, देवानंद वर्मा अतिथि व्याख्याता, टेकराम नेताम अतिथि व्याख्याता , लालू राम फरसिन्द, भृत्य एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## आज लगेगा आनंदमेला

**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल में आज शनिवार को सुबह 11 बजे से आनंद उत्सव एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि एमसी जैन प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता भिलाई एवं विशेष अतिथि श्रीमती श्वेता पटेल प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट डौंडी लोहारा होंगी।

## सुशासन दिवस का आयोजन 25 को

**कवर्धा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जो एक सप्ताह तक चलेगा। सुशासन दिवस में सभी ग्राम पंचायतो में पूर्व से निर्मित अटल चौक में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की उपस्थित में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल के उपरांत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा।












**समक्षः न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बालोद जिला बालोद छ.ग.**

**सिविल मृत्यु की घोषणा के लिए की गयी दरखास्त का समंस**

व्यवहार वाद क्र. 65 अ / 2023

नियत पेशी दिनांक 16.01.2024, प्रो.क्र.- 229/23

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बालोद जिला बालोद छ.ग.**

ईश्वर उर्फ नंदराज यादव ..... वादीगण

विरुद्ध

आम जनता ..... प्रतिवादीगण

**बनाम** - आम जनता, जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।

उक्त आवेदक ईश्वर उर्फ नंदराज यादव आ. शत्रुघन लाल यादव, उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम वार्ड नं. 20 सेलुद तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. ने आपके खिलाफ या जिससे संबंधित हो, दावा वास्ते घोषणा व आज्ञापक आदेशात्मक बाबत इस न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि यदि आपको उक्त दावा वास्ते घोषणा व आज्ञापक आदेशात्मक घोषणा किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो स्वयं तथा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 16.01.2024 को दिन 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा मैं स्वयं अवकाश पर रहूं तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

अतः आज दिनांक 02.12.2023 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

**(श्रीमती श्यामवती मराबी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
**बालोद जिला बालोद छ.ग.**








विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय खेल स्पर्धा के लिए रितेश्वरी का चयन

गुरूर। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छेड़िया की कक्षा 11वीं की छात्रा रितेश्वरी पिता शिवराम का चयन राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी कूद के लिए हुआ है। इसका अयोजन राष्ट्रीय खेल मंत्रालय भारत शासन द्वारा 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक चंद्रपुर महाराष्ट्र में होगा। रितेश्वरी के कोच प्रमोद सिन्हा ने बताया रितेश्वरी लंबी कूद में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। इस सफलता के लिए प्राचार्य केडी. पुराइन, व्यख्याता डीआर. मंडावी, नीतेश्वरी पौषर्य, चित्रलेखा सिंह, एसके. चेलक, हिमांशु हिरवानी, डीके. साहू, हेमंत हिरवानी, अश्वन सूर्यवंशी, हेमलाल ठाकुर, पीटीआईं प्रमोद सिन्हा, पूर्णोत्तम साहू सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारद सहित समस्त सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### भय-भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा छत्तीसगढ़ : साहू

डौंडीलोहारा। भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री धनेश साहू ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में महिलाओं व नाबालिग बच्चियों पर अनेकों अनाचार की वारदातें हुईं। कानून नाम की कोई चीज नहीं थी।



नेताओं की शह पर आरोपी खुलेआम घूमते व वारदातों को अंजाम देते नजर आए, परंतु उन पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी। जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद थे और प्रदेश की आमजनता खासतौर पर महिलाओं में भय का माहौल व्याप्त था। वे अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही थीं। जिसके चलते प्रदेश की महिलाओं व आम जनता ने कमरकस ली और इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को फिर से बहुमत के साथ सत्ता की बागडोर सौंप दी। भाजपा के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अब प्रदेश की महिलाएं अपने आप को सुरक्षित व भयमुक्त महसूस करेंगी। उन्होंने कहा कि आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले प्रदेश के 23 नगरीय निकायों को नोटिस जारी होने पर जनता के प्रति जवाबदारी और प्रशासनिक कसावट करार देते हुए प्रशंसा की है।

**तैयारी : गांवों में बनाए गए अटल चौक की मरम्मत व रंगरोगन का कार्य जारी**

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

आगामी 25 दिसम्बर को जिले में सुशासन दिवस मनाया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के गांवों में स्थापित अटल चौक को फिर से संवारने की कवायद शुरू हो गई है। बीते पांच सालों में प्रशासन ने इन अटल चौक की सुध नहीं ली थी, जिसका नतीजा वर्तमान में अटल चौक जर्जर हालत में है, कई अटल चौक खंडहर में तब्दील हो चुके हैं, तो कई गांव के अटल चौक शराब पीने का अड्डा भी बन गए थे, जिन्हें सुधारने अब ग्राम पंचायतों द्वारा रंग रोगन व मरम्मत कार्य कराया जा रहा है।

कांग्रेस की सरकार थी, जो गोबर खरीदी, गोठान, रीपा, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी जैसे प्रमुख योजनाओं को लेकर चल रही थी। इसलिए पूरे पांच साल तक अटल चौक की सुध ले लेने वाला कोई नहीं था। लेकिन भाजपा की सरकार आते ही अटल चौक को सजाने का कार्य फिर शुरू कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ इसकी मरम्मत कराने और रंगरोगन कर बकायदा फोटो खींचकर प्रशासन को शेयर करने का आदेश ग्राम पंचायतों को दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सम्मान में ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण शुरू किया गया था। इसके बाद लगातार पांच साल चरणबद्ध रूप से अटल चौक का निर्माण जारी रहा।

### कई जगह हुआ रंग-रोगन, कुछ जगहों पर अभी भी वही स्थिति

विभिन्न स्थानों के अटल चौक दुरूस्त करने के अलावा रंगरोगन करने के लिए कार्य करना शुरू कर दिया है। भाजपा सरकार द्वारा 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है और उस दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रशासन का फरमान है कि 25 दिसंबर से पहले सभी पंचायत सचिव इसकी फोटो सहित रिपोर्ट देंगे कि अटल चौकों का रंग रोगन व जीणोद्धार कर दिया गया। कई गांवों में यह काम पूर्ण हो चुका है तो कई गांवों में अटल चौक की मरम्मत व रंग रोगन नहीं हुई है।



### जिले में 437 ग्राम पंचायत, 334 में बने अटल चौक करीब 210 का हुआ जीर्णोद्धार

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 437 ग्राम पंचायत हैं, जिनमें 334 ग्राम पंचायतों में अटल चौक का



निर्माण हुआ है। देखरेख के अभाव में ये अटल चौक जर्जर हो चुका था। कई अटल चौक में दरार पड़ गया था, तो कई अटल चौक के आसपास गंदगी फैला हुआ था। भाजपा सरकार आते ही 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाने के लिए इन अटल चौक की सुध ली गई और इन्हें फिर से संवारने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में लगभग 210 अटल चौक का रंगरोगन, मरम्मत कार्य सहित जीर्णोद्धार किया जा चुका है, जबकि अभी अन्य अटल चौक में कार्य जारी है।

## संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा में विवेकानंद स्कूल रहा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी

तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता छिंदगांव में 14 से 16 तक आयोजित किया गया। इसमें विवेकानंद विद्यालय के प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया गया। प्राथमिक-माध्यमिक शाला छिंदगांव, आत्मानंद, कन्या आश्रम, कन्या शाला डोंडी, मरारटोला प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं में विवेकानंद विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें प्राथमिक बालक अ - वर्ग में 200 मी. दौड़ में दीपांशु प्रथम, रस्सी कूद - केहान, 1 डूमेश - 11 ब - वर्ग में रस्सी कूद - विनय - 1कुर्सी दौड़ - विनय - 11बालिका वर्ग में 80 मी. दौड़ - दिव्या - 1 सुई धागा - ईसीता - 1, गोली चम्मच - बिंदिया-1



स - वर्ग बालक में 50 मी. दौड़ में मनीष - 1 त्रिटंगी दौड़ - मनीष व डोमेद्र - 1मेंढ़क दौड़ - डोमेद्र - 1 स - वर्ग बालिका वर्ग में 50 मी. डॉली - 1 सुई धागा - आकांक्षा - 1 गोली चम्मच - डॉली - 1रस्सी कूद - डॉली - 1रस्साकशी। बालक वर्ग में - 11 माध्यमिक बालक वर्ग में दौड़, गोला, लंबीकूद, स्पीड में लविस, राहुल, लोकेश, युवराज, मानसु, शिवम, कंवल, कुनाल, रोहित, आशीष, ध्रुव, गगन ने व्यक्तिगत खेल में जीत हासिल किये साथ ही रिलेरेस और कबड्डी फाइनल जीता, और खो-खो में उपविजेता रहे।

बालिका वर्ग में दौड़, गोला, में चांदनी, संजीवनी, टिंकी, हेमलता ने व्यक्तिगत खेल में जीत हासिल की और रिलेरेस में द्वितीय रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में माध्यमिक वर्ग में प्रहसन में प्रथम और प्राथमिक सामुहिक गीत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का मान बढ़ाया।

डॉली प्राथमिक स वर्ग कंवल, मानसु, गगन माध्यमिक अ, ब, स वर्ग में कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत खेल में कम से कम 2 खेल में प्रथम एक में द्वितीय आने पर चैम्पियन का खिताब हासिल करता है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में दावरे, बढ़ाई, नेताम, लेनपांडे सर, हेमलता, चित्ररेखा, ममता, भुवनेश्वरी, बेना, हनी, रिंकी, दीक्षा शिक्षिकाओं ने खेल गतिविधियों और अन्य कार्यों को समर्पित भाव से अपने दायित्वों को पूरा किया।

## संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला करहीभदर चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में करहीभदर मिडिल स्कूल चैंपियन रही। करहीभदर संकुल के अन्तर्गत ग्राम चिरयगोडी में 16 और 17 दिसम्बर को खेल हुए। इसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करहीभदर के बालक और बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन रहा। कब्बडी में बालिका प्रथम, बालक द्वितीय, खो-खो में बालिका द्वितीय, बालक द्वितीय, रस्सीकासी में बालक प्रथम, बालिका प्रथम, बालक 100 मी लक्ष्य, 400 मी देवेन्द्र, लम्बीकूद थनेश, गोलाफेक आशीष प्रथम, रस्सी कूद प्रथम डोमेन्द, बालिका वर्ग 100 मी नीलम, 200 मी नीलम, 400 मी गायत्री, लम्बी कूद प्रतिमा, गोलाफेक प्रथम प्रतिमा, रस्सी कूद प्रथम गायत्री, ऊंचीकूद में प्रथम प्रतिमा रही। इस पर स्टाफ प्रधान पाठिक उज्जवल हिमाशी पटेल, सरोजनी उइके, नीरा साहू, सुशील कुलदीप, नानक राम साहू, जीपी भारतद्राजा, डी किशोर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भारत कटेन्द्र, कोच रुपेन्द्र सिन्हा, तोरण लाल कोच शबरी स्पोर्ट्स क्लब आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## शिव-पार्वती विवाह के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु







हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

- ग्राम कुथरेल में आयोजित शिव महापुराण के दौरान प्रस्तुत की गई झांकी

शिव पुराण कथा में शिव पार्वती विवाह प्रसंग पर जीवंत झांकी ने सबका मन मोह लिया। आदर्श ग्राम कुथरेल में आयोजित शिव पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शिव पार्वती विवाह प्रसंग की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाराती और घराती बनकर बारात में झूमने लगे। दोनों का मंगल विवाह किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस विवाह की चर्चा करते हुये कथा वाचक सुरेश कुमार दनि जी ने कहा कि भगवान शंकर ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। यह विवाह बड़ी कठिन परिस्थितियों में हुआ था क्योंकि सती के पिता दक्ष इस विवाह के पक्ष में नहीं थे। हालांकि उन्होंने अपने पिता ब्रह्मा के कहने पर सती का विवाह भगवान शंकर से कर दिया। बाद में राजा दक्ष द्वारा शंकरजी का अपमान करने के कारण सती माता ने यज्ञ में कूदकर आत्मदाह कर लिया था। उसके बाद शिवजी घोर तपस्या में चले गए। सती ने बाद में हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। उस दौरान तारकासुर का आतंक था। उसका वध शिवजी का पुत्र ही कर सकता था ऐसा उसे वरदान था। लेकिन, शिवजी तो तपस्या में लीन थे। ऐसे में देवताओं ने शिवजी का विवाह पार्वती जी से करने के लिए एक योजना बनाई। उसके तहत कामदेव को तपस्या भंग करने के लिए भेजा गया। कामदेव ने तपस्या तो भंग कर दी, लेकिन इससे रूष्ट शिवजी ने कामदेव को भस्म कर दिया। देवताओं के अनुरोध और माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर बाद में शिवजी ने पार्वतीजी से विवाह किया।

### बड़ी संख्या में श्रध्दालु घराती व बराती के रूप में हुए शामिल

### कथा का समापन आज

शुक्रवार को कथा का समापन होगा। साथ टोली की विदाई होगी। इस अवसर पर गायत्री महायज्ञ में सभी संस्कार जैसे जन्मदिन, दीक्षा,नामकरण, विद्यारंभ, पुंसवन संस्कार कराए जायेंगे और महाप्रसादी बांटी जाएगी।

### किरण सिंह देव के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर जताई खुशी



डौंडी। किरण सिंह देव जगदलपुर विधायक को भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने खुशी जताई है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने सबका मुंह मीठा कराया व सभी को बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के जयेश ठाकुर, दिनेश अग्रवाल, हिंसा राम साहू, रूपेश नायक, संजीव मानकर, अजय चौहान, रूपेश ढेलडिया, पवन साहू, पिंटू नाहर, विशाल मोटवानी, पिंटू दुबे, विनय जायसवाल, राधिका भारद्वाज, रजनी जायसवाल आदि शामिल थे।

## आओ भजें जय सतनाम कार्यक्रम में कलाकारों ने दी गीत-नृत्य की प्रस्तुति

**शिकसा ने किया आनलाइन कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आओ भजें जय सतनाम का आयोजन किया गया। डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन एवं कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति तथा टीकाराम सारथी हंसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चमेली साहू व राजगीत युगेश्वरी साहू द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन ने बताया कि गुरू घासीदास ने सबको एक मानते हुए मनखे मनखे एक समान का नारा दिया। कार्यक्रम को संगठन मंत्री महेत्तर लाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में चन्द्र कुमार चन्द्रा, अनीता चंद्रा, बुधनी अजय, भारत माता खटकर, मिथिला जायसवाल, रामलाल कोशले, देवनारायण राज, पुष्पांजलि ठाकुर, हरमन कुमार बघेल, रामकुमार पटेल, मनोहर लाल यादव, मोहित कुमार शर्मा, सारिका बनसोडे सोनी, ओपी कौशिक रतनपुरिहा, लक्ष्मीनारायण क्षत्री, डॉ. प्रमोद आदित्य, देव प्रसाद पात्रे, निशा महिलांग, भूमिका महिलांग, स्वाती कोसरिया, नरेन्द्र कुमार साहू पार्थ आदि ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर तथा आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

## चिंगरी में श्रद्धा के साथ मनाई गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



ग्राम चिंगरी में गुरु घासीदास जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं जनपद के सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सामाजिक बुराइयों को नष्ट करने के लिए समाज को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज हमें बाबा जी से आशीर्वाद लेते हुए उनके मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसपर पर टिकेश्वरी लाल देशमुख को समाज की ओर से समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक दिलीप देशलहरे, फिरंगी यादव, कमल देशलहरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अतिक्रमण हटाने दल गठित

राजनांदगांव। नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित शहर के व्यस्तम मार्गों में अधिकतर दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के बाहर सामान रखने तथा दुकान संचालन करते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है। उक्त क्षेत्र से दुकानों के अतिक्रमण हटाने एवं जब्ती की कार्रवाई करने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर उपायुक्त मोबिन अली ने टीम का गठन किया है। टीम के प्रभारी अधिकारी राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल को बनाया गया है एवं प्र. सहायक अभियंता दिलीप मरकाम तथा अन्य कर्मियों को सहायक का दायित्व सौंपा गया है। गठित टीम शहर के व्यस्तम मार्गों के दुकानदारों को अपना सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस देंगे। अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। टीम के सदस्य आज पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्ग गुडाखू लाइन में पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने एवं सामान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करने की अपील की।










